# JAIN COLLEGE

463/465, 18th Main Road, SS Royal, 80 Feet Road
Rajarajeshwari Nagar, Bangalore - 560 098

***Date:*** **SUBJECT: HINDI**

***II PUC***
***I MOCK Examination***

***Timings Allowed: 3 Hrs.15mins.***

***Total Marks: 100***

**सूचना: १: सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है।**
**२. प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना अनिवार्य है ।**

**I अ. एक शब्द या वाक्यांश में उत्तर लिखिए :** **1 X 6 = 6**

1. घर में किसका राज होता है ?
2. किनसे सभी घृणा करते है ?
3. मनुष्य के कुकर्मों पर कौन हंसने लगे है ?
4. लेखिका की बड़ी बहन का नाम लिखिए ?
5. विश्वेश्वर्य्या किसके बड़े पाबंद थे ?
6. माँ क्या टाल नहीं सकती ?

**आ. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **3 X 3 = 9**

7.. सुजान भगत भिक्षुक को कैसे संतुष्ट करता है ?

8.. धर्म-पालन करने के मार्ग में क्या-क्या अड़चन आते है ?

9. गंगा मैया का कुर्सी से क्या अभिप्राय है ?

10. पिताजी ने रसोई को 'भटियारखाना' क्यों कहा है ?

11. शामनाथ और उनकी धर्मपत्नी मां को लेकर क्यों चिंतित थे ?

**II अ. निम्नलिखित वाक्य किसने, किससे कहा ?** **1 X 4 = 4**

12. बाबा,इतना मुझसे उठ न सकेगा ।
13. 'लौटकर बहुत कुछ गुबार निकल जाए तब बुलाना ।'
14. 'आज तुम खाना जल्दि खा लेना'
15 गरीबी की बिमारी थी ।

**आ. ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए (किन्ही दो)** **3 X 2 = 6**

16. ' कर्त्तव्य करना न्याय पर निर्भर है ' ।
17. ' पतन की जब पराकाष्ठा हो जाती है तभी पुन: उत्थान की किरणें फूटती है ।'
18 "यहाँ प्रकृति की तूलिका में सात से अधिक रंग दिखाई दे रहे है " ।
19. "चिन्ता में घुलते-घुलते और भूखे मरते-मरते उन्होने दम तोड़ दिया "।

III **अ. एक श्ब्द या वाक्यांश में उत्तर लिखिए :** **1 X 6 =6**

20. कौन अंतर की बात जानने वाले है ?

21. प्रेमी चित्त कब उजला होता है ?

22 कौन राह रोकता है ?

23. हवा को क्या हो जाने से बचाना है ?

24. हरा-भरा हरियाणा किनका स्थल है ?

25. कवि का क्य मकसद नहीं है ?

**आ. निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं दो</u> प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **3 X 2 = 6**

26. श्रीकृष्ण के रुप सौंदर्य का वर्णन कीजिए ।
27. बिहारी ने दोनों कनक के संबंध में क्या कहा हैं ?
28. कवि दुष्यन्त कुमार के अनुसार समाज में क्या फैला हुआ है ?
29. बेटी रंगीन कपड़े और गहने क्यों नहीं चाहती है ?

**इ. ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए :** **4 X 2 = 8**

30. रहिमन विद्या बुद्धि नहीं, नहीं धरम,जस दान ।
भू पर जनम वृथा धरै,पसु बिनु पूँछ बिषान ॥

॥ **या**

कहै यहै है श्रुति सुम्रत्यौ यहै सयाने लोग ।
तीन दबावत निसकहीं,पातक,राजा,रोग ॥

31 वे मुस्काते फुल, नहीं-
जिनको आता है मुरझाना,
वे तारों के दीप नहीं
जिनको आता है बुझ जाना:

**या**

हर सड़क पर,हर गली में,हर नगर हर गाँव में,
हाथ लहराते हुए हर लाश चलनी चाहिए ॥

IV **अ. एक श्ब्द या वाक्यांश में उत्तर लिखिए :** **1 X 5 = 5**

32.हँसी के मारे मर जाने की बात कौन कहती है ?
33.हर बात पर मायेके की तारीफ़ कौन करती रहती है ?
34.संस्कृत के महाकवि कौन है ?
35.सुशीला किसके लिए बैचैन है ?
36 ग्लनि से भरे हुए भारवि को जाने से क्यों नहीं रोका गया ?

**आ. निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं दो</u> प्रश्नों के उत्तर लिखिए ;** **5 X 2 = 10**

37. रजवा ने छोटी भाभी से क्या कहा ?

**या**

दादा जी ने परेश को किस प्रकार मनाया ?

38. प्रायश्चित को लेकर पिता और पुत्र के बीच हुए संवाद को लिखिए ।

**या**

सुशीला के अनुरोध पर श्रीधर ने भारवि को कहाँ-कहाँ और कैसे तलाश करने का वचन दिया ?

V **अ. निम्नलिखित वाक्य शुद्ध कीजिए:** **1 X 4 = 4**

39. 1.मेहमान लोग आएगा ।
2. ऐसा कभी नहीं हुई थी ।
3. उसे किसी की डर नहीं है ।
4. मेले में अनेकों दुकानें थीं ।

40. **आ. कोष्टक में दिए गए कारकों से रिक्त स्थान भरिए :** **1 X 4 = 4**

( बहनें,धन,नई,निर्णय )

क. मैं------पोशाक पहनूँगा ।

ख. पंचो का-----सभी को मान्य है ।

ग. रमेश की तीन-----हैं।

घ. मैंने ब्राहमण को ------दिया ।

41. **इ. निम्नलिखित वक्यों को सूचनानुसार बदलिए :** **1 X 3 = 3**

1. शीला कपड़े धोती थी ।(वर्तमान काल में बद्लिए )
2. उसने आग चिता पर रख दी । (भविष्यत काल में बदलिए)
3. यात्री गंगा में स्नान कर रहे है ।(भूतकाल में बदलिए )

42. **ई. निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोडकर लिखिए :** **1 X 4 = 4**

1. हवा से बातें करना –असहनीय दुख होना ।
2. सिर पर भूत सवार होना – रुठ जाना ।
3. कलेजा फटना –धुन सवार होना ।
4. मुँह फुलाना –तेज दौडना ।

43. **उ. अन्य लिंग रूप लिखिए :** १.बिलाव २.मालिक ३.श्रीमान। **1 X 3 = 3**

44. **ऊ.अनेक शब्दों के लिये एक शब्द लिखिए :** **1 X 3 = 3**

१.प्रतिदिन होनेवाला

२. जो शरण में आया हो

३. रास्ता दिखानेवाला

**45. निम्नलिखित शब्दों के साथ उपसर्ग जोडकर नये शब्दों का निर्माण किजिए :** **1 X 2=2**

1. मुख , 2. राग

VI **अ.** 46 **निम्नलिखित शब्दों के प्रत्यय अलग कर लिखिए :** **1 X 2=2**

१.बोली २.चौथाई

**47.**आ. **किसी एक पर निबन्ध लिखिए** : **1X5=5**

१. मनोरंजन के आधुनिक साधन २. देशाटन ३. विज्ञापन

**अथवा**

शैक्षणिक प्रवास में भाग लेने केलिए अपने पिताजी से १५००/रु माँगते हुए एक पत्र लिखिए ।

**48.. निम्नलिखित अनुच्छेद को पढकर निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर दीजिए : 1X5=5**

49"राजा राममोहन राय बच्पन से ही बडे प्रतिभाशाली थे ।उनके पिता ने उनकी पढाई का समुचित प्रबन्ध किया । गाँव की पाठ्शाला में उन्होंने बँगला सीखी ।उन दिन कचहरियों में फारसी का बोलबाला था ।अत: उनहोंने घर पर ही मौलवी से फारसी पढी। नौ वर्ष उम्र में वे अरबी की उच्च शिक्षा के लिए पट्ना भेजे गए ।वहाँ वे तीन वर्ष तक रहे ।उन्होंने कुरान का मूल अरबी में अध्ययन किया ।बारह वर्ष की उम्र मेंवे काशी गए ।चार वर्ष की उम्र तक वहाँ उन्होंने संस्कृत का अध्ययन किया ।इस बीच उन्होंने भारतीय दर्शन का भी अध्ययन किया ।"

1.**राजा राममोहन राय की पढाई की व्यवस्था किसने की ?**

**2.राजा राममोहन राय ने बगँला कहाँ सीखी ?**

**3.उन्होंने अरबी की शिक्षा कहाँ से प्राप्त की ?**

**4.बारह वर्ष की उम्र में वे कहाँ गए ?**

**5.उन्होंने कितने वर्ष तक संस्कृत का अध्ययन किया ?**

**आ.हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 1 X 5 = 5**

1.I spent lots of money on books yesterday.
2. He spent the whole day talking to me yesterday.
3. Wild animals are very dangerous.
4. We should respect our National Anthem.
5. The Indian tradition is very ancient.

**************************